# लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ

संख्याः लविवि / पनिका / 19–404
दिनांक : 02.09.2019

सेवा में,

1. समस्त विभागाध्यक्ष, लखनऊ विश्वविद्यालय,
2. समस्त प्राचार्य / प्राचार्या
   सहयुक्त महाविद्यालय,
   लखनऊ।

**विषय :** स्नातक एवं परास्नातक सेमेस्टर नवम्बर–दिसम्बर–2019 की परीक्षाओं के आतंरिक मूल्यांकन, के अंकों का पोर्टल पर समय से अपलोड किये जाने के सम्बन्ध में।

**महोदय / महोदया,**

उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि स्नातक सेमेस्टर एवं परास्नातक की नवम्बर–दिसम्बर 2019 की परीक्षाओं के परीक्षाफार्म भरे जाने की अन्तिम तिथि दिनांक 15.09.2019 निर्धारित की गयी है। उक्त परीक्षाओं से सम्बन्धित सभी विषयों के आन्तरिक मूल्यांकन की समस्त परीक्षाऐं दिनांक 28.09.2019 तक अनिवार्य रूप से अपने विभाग / महाविद्यालय में सम्पन्न कराकर उनके एवार्ड (अंकचिट) को वेवसाइट www.luonline.in पर दिनांक 30.09.2019 तक अपलोड कर उसकी एक प्रतिलिपि परीक्षाफल प्रकोष्ठ, लखनऊ विश्वविद्यालय में उपलब्ध कराने का कष्ट करें, तथा स्नातक, परास्नातक सेमेस्टर दिसम्बर 2019 की सभी प्रयोगात्मक एवं मौखिक परीक्षाऐं भी समय से पूर्ण कर उनके एवार्ड (अंकचिट) भी प्राथमिकता के आधार पर अपलोड कर उसकी एक प्रतिलिपि परीक्षाफल प्रकोष्ठ में उपलब्ध कराने का कष्ट करें, जिससे परीक्षाफल तैयार किये जाने में होने वाले विलम्ब से बचा जा सकें।

अतः अनुरोध है कि उपरोक्त एवार्ड (अंकचिट) वेबसाइड पर अपलोड कर उसकी एक प्रतिलिपि प्राथमिकता के आधार पर परीक्षाफल प्रकोष्ठ, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ में उपलब्ध कराते हुए उसकी सूचना परीक्षा नियत्रंक कार्यालय को भी उपलब्ध कराने का कष्ट करें। विश्वविद्यालय के इस महत्वपूर्ण कार्य में आपके बहुमूल्य सहयोग का आंकाक्षी।

भवदीय,

(प्रो0 ध्रुवसेन सिंह)
परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठाकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।

**प्रतिलिपि** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. सचिव कुलपति को माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक प्रतिकुलपति को मा0 प्रतिकुलपति जी के अवलोकनार्थ।
3. सम्बन्धित संकायाध्यक्ष / निदेशक।
4. कुलसचिव।
5. अधीक्षक, परीक्षाफल दिसम्बर–2019।
6. उप कुलसचिव परीक्षा।
7. परीक्षा नियंत्रक कार्यालय।

(प्रो0 ध्रुवसेन सिंह)
परीक्षा नियंत्रक